महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में 'राम काव्य की परंपरा एवं उसका प्रदेय' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का बुधवार को होगा समापन

वर्धा, 28 नवंबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'रामायण उत्सव' की प्रमुख गतिविधियों के अंतर्गत 'राम काव्य की परंपरा एवं उसका प्रदेय' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री की अध्यक्षता में बुधवार, 29 नवंबर को होगा। समापन सत्र से पूर्व 'आधुनिक हिंदी काव्य में राम' विषय पर पूर्वाह्न 10:30 से गालिब सभागार में महाराष्ट्र राज्य हिंदी अकादमी, मुंबई के अध्यक्ष प्रो. शीतला प्रसाद दुबे के अध्यक्षता में आयोजित होगा। इस सत्र के मुख्य वक्ता बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के प्रो. मुन्ना तिवारी तथा विशिष्ट वक्ता महाराजा सयाजीराव विश्वाविद्यालय, बड़ौदा के प्रो. दीपेन्द्र सिंह जडेजा होंगे।आदिवासी कला परिषद,भोपाल के प्रो. धर्मेन्द्र पारे, फिजी की सुश्री सुभाषिनी लता कुमार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. राजेश गर्ग ऑनलाइन उपस्थित रहकर संबोधित करेंगे। वक्ता के रूप में हिंदी साहित्य विभाग की प्रो. प्रीति सागर, दूर शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. आनंद पाटिल, बाबा साहब अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहायक प्रोफेसर डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार की सहायक प्रोफेसर डॉ. निशा यादव एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की डॉ. गिरिजा शंकर गौतम ने वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी में प्रथम समानांतर सत्र 'प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय साहित्य में राम' विषय पर होगा। सत्र की अध्यक्षता हिंदी विवि के हिंदी साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी करेंगे। वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के डॉ. राजीव रंजन राय, डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी, डॉ. सूर्य प्रकाश पांडेय, डॉ. जगदीश नारायण तिवारी, डॉ. प्रदीप, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, डॉ. राम कृपाल तथा विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय, दिबियापुर के योगेश कुमार मिश्र वक्तव्य देंगे। द्वितीय समानांतर सत्र 'आधुनिक हिंदी काव्य में राम' विषय पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह की अध्याक्षता में होगा। सत्र में वक्ता के रूप में हिंदी विवि के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाले, डॉ. विधु खरे दास, डॉ. अभिषेक सिंह, गोस्सनर कॉलेज, राँची के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रशांत गौरव ने संबोधित करेंगे।
अपराह्न 11:00 से बजे से साहित्य विद्यापीठ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी जिसका संयोजन डॉ. रामानुज अस्थाना करेंगे।
संपूर्ति सत्र अपराह्न 03:00 बजे गालिब सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री की अध्यक्षता में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. पवन अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन संबोधित करेंगे। वरिष्ठ ललित निबंधकार प्रो. श्रीराम परिहार विशिष्ट वक्ता होंगे। अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग, लखनऊ के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी भी समापन सत्र में वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305